Title: Demand to provide Rs. Ten lakh each as compensation to the families of dead persons and Rs. Two lakh each to the wounded pilgrims of the Amarnath Yatra in Jammu and Kashmir.

कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं सर्वप्रथम अमरनाथ की पवित्र गुफा के लिए गए यात्रियों में से जो 36 यात्री कश्मीर की घाटी में आतंकवादियों द्वारा मारे गए, जिनमें मेरे निर्वाचन क्षेत्र के सौनोली बाजार के निवासी स्व. शंकर जायसवाल, नोतनवा बाजार के ऋतुराज वर्मा

,â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Yesterday, the hon. Home Minister has made a statement in the House on this issue.

कुंवर अखिलेश सिंह महाराजगंज निवासी श्री रमेश मद्धेशिया सहित 36 लोगों को अपनी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं तथा आज भी श्री नगर में आतंकवादियों की गोलियों से आहत श्री त्रिलोकी नाथ गुप्ता एवं चुन्नीलाल जो जीवन और मौत के बीच संघर्ा कर रहे हैं उनके सहित उन दर्जनों लोगों के स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना करता हूं जो इस गोलीबारी से आहत हुए हैं। मान्यवर, जिस तरह से जम्मू-कश्मीर के अंदर स्वायत्तता का नया विवाद उत्पन्न हुआ और उसके बाद राज्य सरकार और केन्द्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर की आम जनता के जनजीवन की सुरक्षा के प्रति लापरवाही दिखाई है, उसी लापरवाही का नतीजा है कि 105 से अधिक लोग आज कश्मीर घाटी में मारे जा चुके हैं। प्रधान मंत्री जी ने कश्मीर यात्रा के बाद सदन के पटल पर जो वक्तव्य दिया और उस वक्तव्य के अंदर मृतकों और घायलों के परिवारों के एक रुपये की भी अनुग्रह राशि की घोाणा न करके निश्चित तौर पर अपनी हृदयहीनता का ही परिचय दिया है। मैं सदन के माध्यम से मांग करता हूं कि कश्मीर घाटी में उग्रवादियों की गोलियों से जो लोग मारे गये हैं उनके परिवारों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और गंभीर रूप से घायल लोगों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये चिकित्सा उपचार के लिए उपलब्ध कराये जाएं।